तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 29.0° |
| इंदौर | 23.0° | 29.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 30.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 32.0° |
| सागर | 23.0° | 30.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 287, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल चतुर्थी संवत् 2083
मंगलवार, 15 सितम्बर 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naidunialive.com    भोपाल संस्करण    भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


**राजधानी...** खड़े हनुमान मंदिर विवाद के बीच डॉ. यादव ने की ...


**खेल...** तन्वी पत्री ने जीता बैडमिंटन एशिया अंडर-17 का...


**व्यापार...** मारुति सुजुकी ने भारत से जापान को किया ...


**देश-विदेश...** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के ...



# देशभर में गणेश महोत्सव की धूम

### हैदराबाद में 72 फीट ऊंची प्रतिमा, मुंबई में लालबाग के राजा के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई:** देशभर में सोमवार से गणेश महोत्सव शुरू हो गया। हैदराबाद के खैरताबाद में 72 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। उप्पुगुडा में विकसित भारत 2047 की थीम पर पंडाल और प्रतिमा तैयार की गई है। मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा का पंडाल और प्रतिमा शिव की थीम पर आधारित है। यहां विशाल त्रिशूल भी सजाया गया है। मंडल के अनुसार, यह उसका 93वां गणेशोत्सव है। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सिंजारा महोत्सव और जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष दर्शन व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु सुबह 5 बजे से रात 11:40 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। पटना में इस बार मदुरई के प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। यहां मुंबई के लालबाग के राजा की साढ़े पांच फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर मुंबई में लालबाग के राजा की पहली झलक सामने आई थी। यहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हैदराबाद के खैरताबाद में भी 72 फीट ऊंची प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



## लंदन में पहली बार थेम्स किनारे हुई गंगा आरती

▶▶ **हजारों लोग हुए शामिल, भजन-मंत्रों से वाराणसी के घाटों जैसी दिखी झलक**

**लंदन, एजेंसी:** लंदन में रविवार को पहली बार थेम्स नदी के किनारे गंगा आरती का आयोजन हुआ। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। भजन और मंत्रों के जाप के बीच हुई आरती से थेम्स किनारे वाराणसी के घाटों जैसी झलक दिखाई दी। चिन्मय मिशन यूके ने टोटली थेम्स महोत्सव के साथ मिलकर इसका आयोजन किया। यह कार्यक्रम मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का हिस्सा था। आरती के जरिए नदी, प्रकृति और जीवन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### हिंदी दिवस पर जन सूचना सेवा शुरू करने की घोषणा


# सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का ऑडियो-वीडियो अब हिंदी में

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने हिंदी दिवस के अवसर पर जल्द जन सूचना सेवा शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों का सार आसान हिंदी में छोटे ऑडियो और वीडियो बुलेटिन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इसका उद्देश्य जटिल कानूनी भाषा में लिखे फैसलों को आम लोगों के लिए समझना आसान बनाना है। इस सेवा की शुरुआत हिंदी से होगी और बाद में इसे अन्य भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा। न्यायालय ने दिव्यांगजनों तक न्यायिक जानकारी की आसान पहुंच को भी इस पहल में विशेष महत्व दिया है। सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के हिंदी संस्करण पहले से उपलब्ध हैं और न्यायालय की वेबसाइट पर हिंदी सामग्री भी मौजूद है। नई पहल में फैसलों का केवल अनुवाद करने के बजाय उनकी मुख्य बात को सरल और बोलचाल की हिंदी में ऑडियो-वीडियो के माध्यम से समझाया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 348 के तहत सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की कार्यवाही की भाषा अंग्रेजी है। आधिकारिक फैसलों और आदेशों के लिए भी अंग्रेजी की



व्यवस्था लागू है। हालांकि, आम लोगों तक न्यायिक जानकारी पहुंचाने के लिए भारतीय भाषाओं में अनुवाद और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रही हैं। जन सूचना सेवा से आम नागरिकों के साथ उन लोगों को भी लाभ मिलेगा जिन्हें कानूनी अंग्रेजी समझने में कठिनाई होती है। वकीलों और दिव्यांगजनों के लिए भी न्यायिक जानकारी तक पहुंच आसान होने की उम्मीद है।

# तेजपाल ने गोवा कोर्ट में किया आत्मसमर्पण



**नईदुनिया ब्यूरो, पणजी:** तहलका पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तरुण तेजपाल ने सोमवार को गोवा की मापुसा अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने उन्हें उत्तर गोवा स्थित कोलवाले केंद्रीय जेल भेज दिया, जहां उन्हें 10 साल की सजा काटनी है। जेल ले जाते समय तेजपाल ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में है और उन्हें न्याय मिलने का भरोसा है। 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने आत्मसमर्पण से छूट की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। उनकी अपील पर 22 सितंबर को सुनवाई होनी है। तेजपाल के खिलाफ मामला वर्ष 2013 का है। उन पर गोवा में पत्रिका के एक कार्यक्रम के दौरान होटल की लिफ्ट में अपनी जूनियर महिला सहकर्मी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। पीड़िता भी पत्रकार थी।

## खास-खबरें

### जैन कर्मियों को दो घंटे देरी से आफिस पहुँचने की छूट

**नईदुनिया ब्यूरो, जबलपुर:** मप्र हाई कोर्ट ने पर्युषण पर्व के चलते जैन धर्म मानने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय आने में दो घंटे की छूट दी है। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर रजिस्ट्रार ने 14 सितंबर को आदेश जारी किया। इसके तहत 15 से 26 सितंबर तक कर्मचारी सुबह 10 बजे के बजाय दोपहर 12 बजे तक कार्यालय पहुंच सकेंगे। यह व्यवस्था जबलपुर हाई कोर्ट के साथ इंदौर और ग्वालियर पीठ तथा संबंधित न्यायिक कार्यालयों में भी लागू रहेगी। आदेश में कहा गया है कि इस विशेष छूट का न्यायालय के रोजमर्रा के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। आदेश की प्रतियां संबंधित पीठों और विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं।

### लेडी बाइकर को कार से टक्कर मारी

**नईदुनिया ब्यूरो, गुरुग्राम:** गोल्फ कोर्स रोड पर सोमवार को कार सवार युवक ने लेडी बाइकर की स्पोर्ट्स बाइक को साइड से टक्कर मार दी। युवती सिया के मुताबिक, कार चालक ने पहले रुकने का इशारा किया। नहीं रुकने पर कार से बाइक को टक्कर मार दी। युवती सड़क पर गिर गई और बाइक करीब 50 मीटर तक घिसटती रही। पूरी घटना बाइक पर लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुई। अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। पलवल निवासी जिम संचालक कल्याण बैंसला सामने आया।

# लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने दो और द्वीपों पर किया कब्जा

▶▶ **एशिया-यूरोप के समुद्री मार्ग के करीब बढ़ाई मौजूदगी, यमन में फिर गृहयुद्ध का खतरा**



**सना, एजेंसी:** यमन के हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी लाल सागर में दो और अहम द्वीपों पर कब्जा कर लिया है। यमन सरकार के अनुसार, हूतियों ने ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश द्वीपों पर अपने लड़ाके तैनात किए हैं। ये दोनों द्वीप बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य से करीब 160 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैं। इससे पहले पिछले सप्ताह हूतियों ने लाल सागर के किनारे बसे बंदरगाह शहर मोखा और बाब-अल-मंदेब में मायून द्वीप पर कब्जा किया था। इन स्थानों पर सऊदी अरब समर्थित यमनी सरकारी सेना का नियंत्रण था। हूती नियंत्रण बढ़ने से लाल सागर के समुद्री मार्ग पर उनका दबदबा मजबूत हुआ है। बाब-अल-मंदेब एशिया से यूरोप जाने वाले जहाजों का छोटा समुद्री मार्ग है। यहां से जहाज स्वेज नहर के रास्ते भूमध्य सागर तक पहुंचते हैं। रविवार को यमन और सऊदी अरब की सेना ने लाल सागर के पास हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए। जवाब में हूतियों ने सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइल हमले का दावा किया। सीमा के पास एक प्रक्षेप्य गिरने से दो लोग घायल हुए और कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा। यमन में सरकार और हूतियों के बीच करीब 12 साल से संघर्ष जारी है। सऊदी अरब सरकार का समर्थन करता है, जबकि हूतियों को ईरान का समर्थन मिलता है। 2022 में संघर्षविराम के बाद लड़ाई कम हुई थी।

### नगालैंड में जहरीली शराब से नौ की मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, कोहिमा:** नगालैंड के तुएनसांग जिले में पिछले तीन दिनों में जहरीली शराब पीने से नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और बाद में उनकी मौत हो गई। घटनाओं की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तुएनसांग शहर और चेंदांग सैडल इलाके में तलाशी और छापेमारी की। इस दौरान शराब के पाउच, करीब 470 बोतल भारतीय निर्मित विदेशी शराब और बीयर के कैन जब्त किए गए। 10 और 11 सितंबर को मौतों की घटनाएं सामने आईं। अस्पताल में भर्ती लोगों की मौत का पैटर्न सामने आने के बाद जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में सभी मौतों का शराब पीने से सीधा संबंध पाया गया है। घटना के बाद शराब बेचने वाले परिवार के एक सदस्य ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# आइएएस विवेक पोरवाल व संदीप जीआर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

▶▶ **हाई कोर्ट ने कहा- आदेश का पालन नहीं किया, पेश भी नहीं हुए**

▶▶ **दो आइएएस के वारंट तामील करने की जिम्मेदारी पुलिस को दी**





**नईदुनिया ब्यूरो, जबलपुर :** जबलपुर हाई कोर्ट ने तत्कालीन राजस्व प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल और तत्कालीन सागर कलेक्टर संदीप जीआर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने दोनों अधिकारियों को 21 सितंबर 2026 को पेश करने के निर्देश दिए हैं। वारंट की तामील भोपाल पुलिस आयुक्त और सागर पुलिस अधीक्षक करेंगे। दोनों पर अदालत के आदेश की अवहेलना का आरोप है। मामला सागर कलेक्टर कार्यालय की अनुभाग अधिकारी शीला सेन के नियमितीकरण से जुड़ा है। हाई कोर्ट ने 19 मार्च 2025 को राज्य सरकार और सागर कलेक्टर को उनके नियमितीकरण के दावे पर 90 दिन के भीतर विचार कर उचित निर्णय लेने का आदेश दिया था। तय अवधि बीतने के बाद भी आदेश का पालन नहीं हुआ और अनुपालन रिपोर्ट भी पेश नहीं की गई। इसके बाद अवमानना याचिका दायर की गई। अदालत के अनुसार, विवेक पोरवाल और संदीप जीआर को सितंबर 2025 में अवमानना याचिका के नोटिस मिल चुके थे। इसके बावजूद दोनों की ओर से न तो अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई गई और न आदेश के पालन से संबंधित रिपोर्ट पेश की गई। सागर कलेक्टर की ओर से दिसंबर 2025 में केवल एक तहसीलदार को संपर्क अधिकारी नियुक्त करने का पत्र भेजा गया था।

> ***21 सितंबर को होगी अगली सुनवाई***
>
> *कोर्ट ने दोनों अधिकारियों को 21 सितंबर 2026 को पेश करने के निर्देश दिए हैं। वारंट की तामील कराने की जिम्मेदारी भोपाल पुलिस कमिश्नर और सागर एसपी को सौंपी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील कविता गुप्ता और विद्या प्रसाद ने पैरवी की। अगली सुनवाई में कोर्ट आदेश के अनुपालन और अवमानना मामले में आगे की कार्रवाई पर सुनवाई करेगा।*

### पाक में आतंकी मसूद अजहर पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख किया



**इस्लामाबाद, एजेंसी:** पाकिस्तान ने भारतीय संसद पर हमले के आरोपी जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख पाकिस्तानी रुपये कर दिया है। संघीय जांच एजेंसी ने आतंकियों की नई रेड बुक में अजहर को फिर भगोड़ा घोषित किया है। यह कार्रवाई अक्टूबर में होने वाली वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की बैठक से पहले की गई है। संघीय जांच एजेंसी ने वर्ष 2021 में भी मसूद अजहर को भगोड़ा घोषित कर उस पर 50 लाख रुपये का इनाम रखा था।

# वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन ने घटाई सैनिकों की संख्या

▶▶ **सेना की वार्षिक रिपोर्ट में दावा, सभी क्षेत्रों में भारतीय तैनाती मजबूत; नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम उल्लंघन बढ़े**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने वर्ष 2025-26 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की संख्या घटाई है। वास्तविक नियंत्रण रेखा और चीन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों में अब करीब 10 संयुक्त सैन्य ब्रिगेड के आकार की टुकड़ियां तैनात हैं। एक ब्रिगेड में करीब तीन हजार सैनिक होते हैं। संयुक्त सैन्य ब्रिगेड में पैदल सेना, टैंक, तोपखाना और वायु रक्षा जैसी अलग-अलग सैन्य क्षमताएं शामिल होती हैं। सेना के अनुसार, वास्तविक नियंत्रण रेखा के सभी क्षेत्रों में भारतीय सेना की



तैनाती मजबूत है और वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2025 में भारत और चीन के बीच बातचीत फिर शुरू हुई। दोनों देशों ने आपसी विवादों को सुलझाने की दिशा में प्रयास किए। जम्मू-कश्मीर के हालात में भी सुधार का उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है। वर्ष 2025 में वहां पत्थरबाजी की एक भी घटना नहीं हुई। हालांकि, नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम उल्लंघन के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### दुर्गा पूजा पर ममता के 20 बागी सांसदों में 17 भाजपा में जाएंगे

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए 20 बागी सांसदों में से 17 सांसद अक्टूबर में दुर्गा पूजा से पहले या बाद में भाजपा में शामिल होंगे। कूचबिहार के सांसद जगदीश चंद्र बसुनिया ने रविवार को कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि 17 सांसद एक साथ भाजपा में जाएंगे। उनके मुताबिक, दो-तिहाई से अधिक सांसदों के साथ होने के कारण उन पर दल-बदल कानून लागू नहीं होगा। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद 14 जून को इन सांसदों ने ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया था।

# 3300 करोड़ की संपत्ति वाले भाजपा विधायक बने भिखारी

▶▶ **गुरु के संदेश से प्रेरित होकर बदला रूप, घाटकोपर की सड़कों पर मांगते दिखे मदद**



**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई:** दक्षिण भारत की एक फिल्म के अभिनेता का चरित्र वास्तविकता में भाजपा विधायक ने निभाया है। घाटकोपर पूर्व से भाजपा विधायक पराग शाह का भिखारी के वेश में घूमने और लोगों से मदद मांगने का वीडियो प्रसारित हो रहा है। शाह के अनुसार, उन्होंने यह प्रयोग किसी राजनीतिक कार्यक्रम या प्रचार के लिए नहीं किया। जैन धर्मगुरु राष्ट्रसंत नम्रमुनि महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित होकर उन्होंने कुछ समय के लिए अपनी पहचान बदली और जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन समझने की कोशिश की। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव के हलफनामे के अनुसार, पराग शाह के पास 3,383 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट कारोबारी हैं। शाह ने मेकअप और वेशभूषा बदलकर घाटकोपर रेलवे स्टेशन के आसपास आम लोगों के बीच समय बिताया।

**रिपोर्ट** *एस-400 ने नागरिक विमानों के बीच पाकिस्तानी सैन्य विमान की पहचान कर साधा निशाना...*

# ऑपरेशन सिंदूर में 314 किलोमीटर दूर पाकिस्तानी विमान को मार गिराया

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 वायु रक्षा तंत्र ने पाकिस्तान के भीतर 314 किलोमीटर की दूरी पर उड़ रहे एक विमान को मार गिराया था। रक्षा मंत्रालय की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने अपना हवाई क्षेत्र खुला रखा था और नागरिक विमानों की उड़ानें भी जारी थीं। ऐसे में नागरिक विमानों के निशाना बनने का खतरा बना हुआ था। भारतीय वायुसेना ने इस स्थिति के बीच पाकिस्तानी सैन्य विमानों की पहचान कर उन्हें निशाना बनाया।

रिपोर्ट में गिराए गए विमान को



विशेष मिशन विमान बताया गया है। हालांकि, वायुसेना के अधिकारी पहले बता चुके हैं कि यह पाकिस्तान का हवाई चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली वाला विमान था। ऐसे विमानों का इस्तेमाल हवा में मौजूद खतरों और लक्ष्यों की एक साथ पहचान करने के लिए किया जाता है। इन्हें हवाई कमांड केंद्र के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एस-400 ने पाकिस्तानी विमान से उत्पन्न खतरे को पहले ट्रैक किया। इसके बाद लंबी दूरी तक जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल को लक्ष्य की ओर निर्देशित किया गया। मिसाइल ने विमान को सटीक निशाना बनाया। इसे भारत की ओर से जमीन से हवा में की गई अब तक की सबसे लंबी दूरी की कार्रवाई बताया गया है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि भारतीय वायु रक्षा तंत्र की पहुंच से अधिक दूरी पर होना दुश्मन के विमान को सुरक्षा नहीं दे सकता। एस-400 ट्रायम्फ रूस में विकसित उन्नत वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली है। इसे वर्ष 2007 में शुरू किया गया था। यह लड़ाकू विमानों, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों, ड्रोन तथा स्टेल्थ विमानों जैसे विभिन्न हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है। भारत के पास एस-400 की तीन परिचालन स्क्वाड्रन हैं। पहली स्क्वाड्रन पंजाब में तैनात है और पाकिस्तान तथा चीन दोनों दिशाओं से आने वाले खतरों पर नजर रखती है। भारत को यह पहली खेप वर्ष 2021 में मिली थी। दूसरी स्क्वाड्रन चीन सीमा से लगे सिक्किम में तैनात है। यह खेप जुलाई 2022 में मिली थी और यहां से चिकन नेक क्षेत्र पर भी निगरानी रखी जाती है। तीसरी स्क्वाड्रन राजस्थान-गुजरात या पंजाब-राजस्थान सीमा क्षेत्र में तैनात है। इसकी खेप फरवरी 2023 में मिली थी। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों के खिलाफ 7 से 10 मई तक ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।